सेब

उत्पथि

ग्राफ्टिंग

सेबों को कई पद्धतियों से उत्पथित किया जाता है जैसे - कोड़ा, जीभ, फांक और रूट ग्राफ्टिंग। फरवरी-मार्च के दौरान कॉलर के ऊपर 10-15 से.मी. पर जीभ और फांक ग्राफ्टिंग उत्तम परिणाम देती है। आमतौर पर ग्राफ्टिंग सर्दी के अंत में की जाती है।

बडिंग

सेब ज्यादातर शील्ड बडिंग द्वारा उत्पथित किए जाते हैं, जो उच्च सफलता प्रतिशत देते हैं। शील्ड बडिंग में, स्टेम के एक शील्ड टुकड़े के साथ एकल बड कलम के साथ काटा जाता है और सक्रिय विकास अवधि के दौरान 'T' आकार वाले चीरे के माध्यम से रूटस्टाक का छिलका नीचे की ओर डाला जाता है। बडिंग तब की जाती है जब बड गर्मी के दौरान पूरी तरह से निरूपित हो जाते हैं। कश्मीर घाटी, उत्तरांचल की कुमाऊं पहाड़ियों, हिमाचल प्रदेश की ऊंची पहाड़ियों में सितम्बर और हिमाचल प्रदेश की मध्यवर्ती पहाड़ियों में जून महीना बडिंग के लिए सर्वोत्तम समय है।

रूटस्टाक

अधिकांश सेब के पौधे वाल्ड क्रेब सेब के अंकुरण पर ग्राफ्टिड और बडिड किए जाते हैं। अंकुरण रूटस्टाक द्विगुणित कल्टीवरों जैसे गोल्डन डिलिशियस, यैलो न्यूटन, वैल्थी, मेकिनतोश तथा ग्रेन्नी स्मिथ से प्राप्त किए जाते हैं और प्रयोग भी किए जा सकते हैं। डवार्फिंग रूटस्टाक (एम9, एम4, एम7 और एम106) का प्रयोग करते हुए उच्च धनत्व रोपण किया जाता है।